तापमान

अधिकतम 31.3 डिग्री

न्यूनतम 25.9 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026



मगरपारा में बिजली सुधारते कर्मचारी।



## खबर संक्षेप

### कर्नाटक-केरल दौरे पर रहेंगे तोखन आज से



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू 2 से 4 जुलाई तक कर्नाटक एवं केरल के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे केंद्र सरकार की आवासन एवं शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे के प्रथम दिन 2 जुलाई को श्री साहू बेंगलुरु पहुंचेंगे, जहां वे कर्नाटक के राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके पश्चात आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही सीपीडब्ल्यूडी , एनबीसीसी एवं हडको के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगे। 3 जुलाई को श्री साहू तिरुवनंतपुरम पहुंचकर केरल के राज्यपाल से मुलाकात करेंगे।

### आजीविका गारंटी मिशन का शुभारंभ आज

**बिलासपुर।** विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी एवं जिला स्तरीय जन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में 2 जुलाई को सुबह 11 बजे से जल संसाधन विभाग के प्रार्थना भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे।

### गोंदिया से पुरी के बीच विशेष ट्रेन आज से

बिलासपुर। पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल प्रशासन ने विशेष ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया है, जिसका परिचालन 2 से 29 जुलाई तक गोंदिया से पुरी के लिए किया जाएगा। रेल प्रशासन ने इस वित्तीय वर्ष में रथयात्रा के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर डिवीजन के गोंदिया से पुरी के बीच 08801/08802 नम्बर के साथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 जुलाई से शुरु करने का आदेश दिया है। 08801 गोंदिया से पुरी के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2, 9, 16 एवं 29 जुलाई को गोंदिया से दोपहर 13.30 बजे किया जाएगा।

### कान्यकुब्ज विकास मंच करेगा पौधरोपण

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी तुर्काडीह रोड स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर में पौधारोपण अभियान जुलाई माह से प्रारंभ किया जाएगा। पं सुदेश दुबे ने बताया कि वर्षा ऋतु के तीन माह में प्रत्येक रविवार को बिलासपुर के विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी गण पौधारोपण करेंगे।

# 3 माह पहले बना सब डिवीजन, सुधार की व्यवस्था ही नहीं

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। बिजली विभाग ने व्यवस्था को चाक चौबंद करने सबडिवीजन कार्यालय बना दिया, लेकिन 3 माह तक ना तो कार्यपालन यंत्री की पदस्थापना की और ना ही फील्ड का स्टाफ की भर्ती की, जिसके चलते पूरी ग्रीष्मकालीन रखरखाव और मरम्मत प्रभावित रहे और अब बारिश के मौसम में लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है।

दरअसल सकरी जोन ग्रामीण सर्किल के अंतर्गत आता है, पिछले कई सालों से प्रशाासनिक और कार्यालयीन कार्य के लिए तिफरा कार्यालय जाना पड़ता था, हालत यह है कि सकरी कार्यालय में महज 2 जेई के भरोसे काम किया जाता था लेकिन कुछ समय पहले ही एई की पदस्थापना हुई और मार्च माह में इसे सबडिवीजन कार्यालय घोषिक कर दिया गया। दावा किया गया कि क्षेत्र की बिजली समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द होगा, लेकिन इसके उलट हो रहा है। बिजली विभाग ने 3 माह तक कार्यपालन यंत्री की पदस्थापना नहीं की है, अभी भी यह पद रिक्त है। कागजों में आदेश जारी किया जा चुका है लेकिन ना तो कार्यालय है और ना ही काम करने के लिए स्टाफ मौजूद है। ऐसे में एई सकरी के भरोसे 25 गांव और नगर निगम क्षेत्र के 4 वार्ड शामिल है। जिसमें रोजाना बिजली बंद की समस्या आम बात हो चुकी है। इसके बावजूद अधिकारी बिजली समस्याओं को लेकर अनदेखी बरत रहे हैं।

अलग खबर

## 25 गांव और 4 वार्ड भगवान भरोसे

- बिजली विभाग ने बनाया था सकरी सबडिवीजन।
- रात भर बिजली बंद होने से हलाकान हैं रहवासी।





### अव्यवस्थित है कार्यालय

सकरी जोन कार्यालय पूरी तरह से अव्यवस्थित है। बिजली विभाग ने एई सहित 8 लोगों की पदस्थापना की है, लेकिन कार्यपालन यंत्री का कार्यालय अन्य कालोनी में बनाया गया है। जिससे प्रशासकीय व्यवस्था चरमराना तय है। वहीं जेई के पद पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। ग्रामीण इलाके होने के कारण रात भर बिजली बंद रहती है, लेकिन जेई फोन रिसीव तक नहीं करते है। ऐसे में लोगों को अंधेरे में रात काटने को मजबूर होना पड़ता है।

### गैंग की व्यवस्था नहीं

बताया जा रहा है कि 25 गांव और 4 शहरीय क्षेत्रों को मिलाकार सकरी में लाइन सप्लाई निर्बाध रखना बड़ी चुनौती है। आउट सोर्सिंग के जरिए 4 लोगों को काम की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन यह नाकाफी है। दरअसल ग्रामीण के लिए 4 लाइन स्टाफ का गैंग अलग से किया जाना अनिवार्य है लेकिन ईई की पदस्थापना के बाद भी विभाग इस बारे में नहीं सोच सका है।

### आदेश जारी हो चुका

कार्यपालन यंत्री का आदेश निकल चुका है, संभवत: अधिकारी जल्द ही ज्वाइनिंग देंगे। हाल ही में ठेके से 4 लाइन स्टाफ भी दिए गए हैं। अन्य कार्य लंबित है, लेकिन उसे भी स्वीकृति दी जाएगी।

**- एसके जांगड़े,** एसई ग्रामीण सर्किल

## 100 करोड़ की योजना फाइलों में ही रह गई

# 28 बड़े नाले और स्टॉर्म वाटर ड्रेन बनाने का खाका कागजों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मानसून दस्तक दे चुका और निगम अभी भी जल भराव से निपटने के लिए तैयारी में ही लगा।
- साफ है कि इस मानसून में न तो नए नाले बनेंगे और न ही जलनिकासी व्यवस्था सुधरेगी।

मानसून दस्तक दे चुका है और नगर निगम अभी भी जल भराव से निपटने के लिए तैयारी में ही लगा है। जलभराव वाले इलाकों का सर्वे किया जा रहा है तो 10 से अधिक नालों को राज्य आपदा प्रबंधन में शामिल किया गया है, लेकिन मंजूरी मिलनी बाकी है। ऐसे में साफ है कि इस मानसून में न तो नए नाले बनेंगे और न ही जलनिकासी व्यवस्था सुधरेगी। यानी जिन इलाकों में हर साल बारिश के बाद सड़कें तालाब बन जाती हैं, वहां इस बार भी लोगों को वही पुराने हालात झेलने पड़ सकते हैं।दरअसल शहर को जलभराव से स्थायी राहत दिलाने करीब 100 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई। 28 बड़े नाले और स्टॉर्म वाटर ड्रेन बनाने का खाका भी तैयार हुआ लेकिन सब कागजों में ही रहा।

दरअसल शहर में हर साल बारिश में पानी भरता है। इसके लिए लाख कोशिशें की गईं लेकिन हल नहीं निकल सका। कोनी, सरकंडा, इंदिरा विहार, बंधवापारा, जोरापारा और आसपास के इलाकों में घुटनों तक पानी भर जाता है। नेहरूनगर में नाले की क्षमता कम होने से पारिजात कॉलोनी समेत कई कॉलोनियों में बारिश के दौरान बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। इसी तरह मंगला और महर्षि स्कूल रोड का कच्चा नाला हर साल टूट जाता है, जिससे आसपास की कई कॉलोनियां जलमग्न हो जाती हैं।



### इसलिए भरता है इन क्षेत्रों में पानी

पुराने बस स्टैंड चौक के पास तारबाहर, विनोबा नगर, विद्यानगर, सीएमडी कालेज, मंझवापारा राजीव गांधी चौक, प्रियदर्शिनी नगर, अज्ञेय नगर, तालापारा, मरीमाई और श्रीकांत वर्मा मार्ग और उससे जुड़े 10 वार्डों का पानी पांच नालों के जरिए पहुंचता है। पूरा पानी दो नालों के जरिए जवाली नाले में मिलता है। बारिश में भारी मात्रा में पानी पहुंचता है, जिसकी निकासी संकरे नाले से नहीं हो पाती, इसलिए पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है। इसके साथ ही बस स्टैंड के पास पहुंचने वाले नाले में 50 हेक्टेयर के कैचमेंट एरिया का पानी जमा होता है। बारिश में वहां 4 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रति सेंकेंड की रफ्तार से पानी पहुंचता है, परंतु निकासी आधी भी नहीं हो पाती, इसलिए वहां पानी भर जाता है। चौड़ा नाला बनते साथ वहां से 4.82 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी प्रति सेकेंड के हिसाब से खाली होगा।

### साढ़े पांच करोड़ के नाले का काम शुरू

इधर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा शहर को अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 करोड़ 55 लाख 87 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक 3×3 मीटर के आधुनिक आरसीसी बॉक्स नाले का निर्माण किया जा रहा है। ध्यान रहे कि इस नाले की मांग बहुत पुरानी थी, जिसके बन जाने से शहर के एक प्रमुख क्षेत्र में बारिश के दिनों में होने वाली जल भराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। नाला निर्माण के बाद शहर के श्रीकांत वर्मा मार्ग, तालापारा मगरपारा और हंसा विहार जहां हर साल जल भराव होता हैं,उससे राहत मिलेगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी 8 करोड़ रुपए में बस स्टैंड के पास नाले का निर्माण हुआ था लेकिन उससे राहत नहीं मिल सकी है।

### विचित्र, अद्भुत व गजब की इंजीनिरिंग का नमूना

विचित्र, अद्भुत और गजब की इंजीनिरिंग का नमूना देखना है तो कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। पुराना बस स्टैंड और श्रीकांत वर्मा मार्ग काफी है। पानी निकासी की खराब व्यवस्था, नाले के गलत निर्माण और अतिक्रमण के कारण, बस स्टैंड का परिसर जलमग्न हो जाता है, जिससे यात्रियों और बसों के लिए मुसीबत खड़ी हो जाती है। यहां कभी भी नाले का निर्माण ठीक से नहीं होने के कारण पानी का बहाव सही दिशा में नहीं होता। साथ ही बस स्टैंड के परिसर का धरातल नीचा होने के कारण पानी जमा हो जाता है। इसी तरह श्रीकांत वर्मा मार्ग और हंसा विहार कालोनी सड़क से नीचे होने के कारण यहां लबालब पानी भरा रहता है।

### किया जा रहा है सर्वे

जलभराव वाले इलाकों का सर्वे किया जा रहा है। कुछ नालों को आपदा प्रबंधन में शामिल करते हुए काम कराया जा रहा है। कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक नाला निर्माण जारी है। कुछ अन्य प्रस्तावों को शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है।

**- पूजा विधानी,** महापौर

## हाईकोर्ट ने बिजली विभाग से पूछा-

# बिना रुकावट बिजली सप्लाई कब तक होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने बारिश में बिजली व्यवस्था ध्वस्त होने एवं घंटों सुधार नहीं होने को लेकर प्रकाशित हरिभूमि की खबरों को संज्ञान में लिया है। कोर्ट ने इस संबंध में सेक्रेटरी, एनर्जी डिपार्टमेंट छत्तीसगढ़, कमिश्नर, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, बिलासपुर, मैनेजिग डायरेक्टर सीएसपीडीसीएल, रायपुर से पर्सनल एफिडेविट में बिजली डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को बनाए रखने और बिलासपुर शहर के निवासियों को बिजली की बिना रुकावट और सही सप्लाई पक्का करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे बताने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सड़कों, गलियों वगैरह में पानी भरने से बचने के लिए ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने मामले को सुनवाई 7 जुलाई को रखा है।

दरअसल सोमवार की शाम को तेज हवा के साथ बरसात होने के बाद शहर में बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। इसमें कलेक्टर बंगला के पास 11 केवी लाइन में पेड़ गिरने से पूरे सिविल लाइन क्षेत्र, जज कालोनी सहित आसपास देर रात तक बिजली सप्लाई ठप रही। लोग परेशान होते रहे लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं थी।हरिभूमि ने मामले को प्रकाशित करते हुए बताया कि बिजली विभाग द्वारा पूरे गर्मी चार माह तक बिजली सप्लाई बंद कर मेनटेंस का काम किया जाता है। इसके बावजूद बरसात में स्थिति बिजली विभाग के नियंत्रण में नहीं रहती है। हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग, निगर निगम बिलासपुर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने इस याचिका के साथ बरसात में शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा क्या कदम उठाये गए हैं इस संबंध में जानकारी मांगी है।



शहर के कई इलाकों में रात-रात भर नहीं आती बिजली

4 माह का मेंटेनेंस 4 मिनट की बारिश में फेल, बिजली तंत्र चरमराया, विभाग बेबस

हरिभूमि में 1 जुलाई को प्रकाशित खबर।

### हरिभूमि की खबर को लिया संज्ञान

#### उपभोक्ताओं को हलाकान होना पड़ा

दरअसल बिजली व्यवस्था से बिलासपुर वासी परेशानी है। लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी में 4 माह मेंटनेंस और निर्माण कार्य करने वाले बिजली विभाग बारिश के दिनों में लाचार हो जाता है और घंटे भर की बारिश के बाद सप्लाई ध्वस्त हो जाती है। इससे विभाग के दावें झुठे साबित हो रहे है। लोगों को रतजगा करना पड़ा और उनके रोजमर्रा के काम प्रभावित हो गए। विभाग के मुताबिक नेहरू नगर स्थित महर्षि फीडर, ओम नगर, सिंधी कालोनी, वेयर हाउस, शेफर स्कूल जैसे फीडर बंद रहे। इसमें डंगाल गिरने और इंश्योलेटर ब्रर्स्ट होने की समस्या रही, जिसके चलते यहां से निकलने वाले सभी लाइन ब्रेकडाउन रही और उपभोक्ताओं को हलाकान होना पड़ा है। इसके साथ ही बृहस्पति बाजार सबस्टेशन में भी खराबी रही और रात 11 बजे तक लाइन सप्लाई की जा सकी है, कलेक्टर बंगले के गिर पेड़ के कारण 11 केवी लाइन बंद रही और अलग लाइन से सप्लाई शुरू की गई है।

#### यहां रही बिजली बंद

बताया जा रहा है कि मंगलवार को भी सरकंडा, अशोक नगर, चांटीडीह, हर्ष विहार, किला वार्ड, कतियापारा, कश्यप कालोनी, बंधवापारा, सांई विहार, जैसे जगहों पर घंटे भर के लिए बिजली बंद रही। इस प्रकार अभिषेक विहार में बीती रात से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण रात भर बिजली सप्लाई नहीं हो सकी, जैसे तैसे सुबह सुधार कार्य किया गया लेकिन इसके बाद दिन भर बिजली की आंखमिचौली जारी रही है। तिफरा व सिरगिट्टी क्षेत्र में भी बिजली की समस्या के कारण लोगों को हलाकान होना पड़ा, हालांकि मौसम में नमी के कारण लोगों को ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन रोजमर्रा के काम प्रभावित हो गए।

# मकान में लगी आग, फटा सिलेंडर, युवक गंभीर



रतनपुर क्षेत्र के कृष्णा अर्जुनी तालाब के पास बुधवार को मकान में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

रतनपुर क्षेत्र के कृष्णा अर्जुनी तालाब के पास बुधवार शाम एक मकान में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने के प्रयास के दौरान घर के भीतर रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिसकी चपेट में आकर आग बुझाने में जुटा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा अर्जुनी तालाब के पास रहने वाले दशरथ देवार के मकान में बुधवार शाम अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। शुरुआती आग तेजी से फैलते हुए पूरे मकान में फैल गई और देखते ही देखते घर को अपनी चपेट में ले लिया।

आगजनी की घटना में घर के भीतर रखा फर्नीचर, कपड़े, घरेलू उपयोग का सामान समेत अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। मकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कपिल यादव आग बुझाने के लिए बगल के मकान की ऊंचाई पर चढ़कर पानी डाल रहे थे। तभी घर के अंदर रखा गैस सिलेंडर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया।

विस्फोट का असर इतना तेज था कि कपिल यादव संतुलन खोकर नीचे गिर गए। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तत्काल रतनपुर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। रतनपुर थाना प्रभारी विष्णु यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सका हैं।

## इतिहास विभाग के प्राध्यापक को बनाया गया लॉ डिपार्टमेंट का एचओडी

# राष्ट्रपति से शिकायत, हटाए गए लॉ डिपार्टमेंट के एचओडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एग्जाम के प्रश्न पेपर लीक मामले को दबाने व दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष राष्ट्रपति से की गई है। वहीं दूसरी तरफ बुधवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा लॉ डिपार्टमेंट के एचओडी और डीन प्रो. सुधांशु रंजन मोहापात्रा को हटाकर उनकी जगह पर इतिहास विभाग के प्रो. प्रवीण मिश्रा को लॉ डिपार्टमेंट एचओडी, डीन बनाया गया है। इसे पेपर लीक कांड से जोड़कर देखा जा रहा है, क्योंकि जांच में लॉ डिपार्टमेंट पर ही उंगली उठी थी।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पेपर लीक मामले का खुलासा हुए माहभर होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों की ओर से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष देश के राष्ट्रपति को पत्र भेजकर मामले की शिकायत और यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर मामले को दबाने का प्रयास एवं दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की ओर से जांच रिपोर्ट सौंपे भी माहभर होने जा रहा है, किन्तु किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई थी और मामला ठंडे बस्ते में पड़ा था। चूंकि राष्ट्रपति भवन में जो शिकायत भेजा गया है, उसकी प्रतिलिपि यूनिवर्सिटी को भी भेजी गई है, इसलिए यह माना जा रहा है कि राष्ट्रपति से पूरे मामले की शिकायत होने के बाद बुधवार को अचानक यूनिवर्सिटी प्रशासन ने लॉ डिपार्टमेंट के एचओडी और विधि संकाय डीन पद से प्रो. सुधांशु रंजन मोहापात्रा को हटाने का आदेश जारी कर दिया, क्योंकि पेपर लीक मामले में लॉ डिपार्टमेंट पर ही उंगली उठ रही थी। इसलिए लॉ डिपार्टमेंट के एचओडी, डीन को हटाकर उनकी जगह पर इतिहास विभाग के प्रो. प्रवीण कुमार मिश्रा को लॉ डिपार्टमेंट का एचओडी एवं संकाय डीन बनाए जाने को पेपर लीक कांड से जोड़कर देखा जा रहा है और यूनिवर्सिटी में यही चर्चा का विषय भी बना हुआ है।



### सीयू पेपर लीक मामला

- यूनिवर्सिटी प्रशासन पर मामला दबाने का आरोप

### राष्ट्रपति से की गई ये शिकायत

राष्ट्रपति सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलाध्यक्ष होते हैं, इसलिए इस मामले की शिकायत राष्ट्रपति से करते हुए कहा गया है कि पेपर लीक का विषय न सिर्फ हजारों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है, बल्कि देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और शुचिता पर भी एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा एक फैक्ट फाईडिंग कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी ने पूरे मामले की गहनता से जांच कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को बहुत पहले ही सौंप दी है। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद भी एक लंबा समय बीत चुका है, किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा अब तक इस रिपोर्ट के आधार पर न तो कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई की गई है और न ही इसे सार्वजनिक किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन की संदिग्ध चुप्पी से अब यह प्रतीत होने लगा है कि इस पूरे पेपर लीक रैकेट में यूनिवर्सिटी के ही कुछ उच्च पदों पर बैठे रसूखदार अधिकारियों या कर्मचारियों की सीधी संलिप्तता है, जिन्हें बचाने और पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डालने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है।

### बदले गए एचओडी

यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के एचओडी बदला गया है और उनकी जगह पर दूसरे प्राध्यापक को एचओडी बनाया गया है। यह यूनिवर्सिटी की प्रशासनीक और रूटीन प्रक्रिया है।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू


भैय्या
शिव यादव जी
को जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर
( ग्रामीण ) के महामंत्री
बनने पर हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनायें...
महेन्द्र गंगोत्री
जिलाध्यक्ष (ग्रामीण)
शिव यादव
महामंत्री, जिला ग्रामीण
बिलासपुर
शुभेच्छु : धनंजय यादव, पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस, बेलतरा विधानसभा

बिलासपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026
# हरिभूमि लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# बच्चे डॉटेट, कॉर्टून, सतरंगी छाते खूब कर रहे पसंद

**बिलासपुर।** मानसून प्रवेश करते ही बारिश का मौसम शुरू हो गया है,बीते दो दिनों से लगातार बारिश भी हो रही है। बारिश शुरू होते ही बाजर में रेनकोट, छड़ते व तालपतरी की मांग बढ़ गई है। इसे बाजार जाकर लोग खूब खरीद रहें है। इसे बाजार जाकर लोग खूब खरीद रहें है। गोलबाजार व्यापारी रोशन गुप्ता ने बताया कि इस बार महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष तरह के रेनकोट और छाता आया है, जिसे बच्चे व महिलाएं खरीद रहें है। इन्होंने बताया कि बच्चों के लिए डॉटेट, कॉर्टून, सतरंगी, कान वाला छाता व ऑटो आपेन अम्ब्रेला पसंद कर रहे है।







## सौ रूपए से पन्द्रह सौ तक के रेनकोट

व्यापारी ने बताया कि इस बारिश से बचने वाले लोग अपने परिवार के साथ रेनकोट में खूब खरीदारी कर रहे हैं। इसमें अलग-अलग रंग का डिजाइन मौजूद है। बारिश से बड़ों को बचाने के लिए भी रेनकोट उपलब्ध हैं,जिनकी कीमत 100 सौ रुपये से लेकर 1500 सौ रुपये तक है।

## तालपतरी से ढंक रहे छत

व्यापारी मोहन नंदवानी ने बताया की घरों व दुकानों को बारिश से बचाने तालफतरी भी खरीद रहे है। यह बाजार में सौ रूपए से एक हजार तक की अलग-अलग कपनी के हिसाब से वाटरप्रुफ तालपतरी बिक रही है। लोग इस पर व दुकानों की छतों में लगाकर बारिश से सुरक्षा कर रहे है।



## महिलाएं वन पीस व स्कर्ट टॉप रेनकोट पहली पसंद

इसी तरह महिलाओं में नया स्कर्ट-टॉप रेनकोट खूब बिक रहा है, मार्केट में नए डिजाइन के छाते और रंग-बिरंगे रेनकोट सजे है। बच्चों के लिए जहां कार्टून बने छाते तो वहीं महिलाओं व युवतियों के लिए प्रिंटिंग छाते काफी आकर्षक हैं। अलग-अलग उम्र के लोगों के लिए बाजार में रंगों के रेनकोट भी उपलब्ध हैं। इस बार रैनी सीजन में पॉकेट रेनकोट, कैप्सूल छाता, अमरनाथ यात्रा रेनकोट, बॉटल अम्ब्रेला सहित अन्य फैसी समानों की खूब मोग चल रही है। रंग-बिरंगी छतरी और रेनकोट उपलब्ध है।

कार्यक्रम

## डॉक्टर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट का किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा सीए डे एवं डॉक्टर्स डे के अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों को उनकी उत्कृष्ट व्यावसायिक सेवाओं एवं समाज के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,वहीं चिकित्सक मानव सेवा के माध्यम से समाज को स्वस्थ रखने का दायित्व निभाते हैं। ऐसे सेवा भावी एवं समर्पित व्यक्तित्वों का सम्मान करना लायंस क्लब का सौभाग्य है। इस अवसर पर सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स में लायन सीए एस.एस. अग्रवाल, लायन सीए विनोद मित्तल, लायन सीए दिनेश अग्रवाल, लायन सीए जी.एल. जैन, लायन सीए गोविंद माधव गुप्ता, लायन सीए अजय पांडेय, लायन सीए रौनक अग्रवाल, लायन सीए नवीन अग्रवाल, लायन सीए अमित अग्रवाल, सीए प्रतीक मित्तल, सीए गौरव माधव गुप्ता, सीए प्रशांत अग्रवाल, सीए गौरव मित्तल, सीए अतुल सोनी एवं सीए नीरज रावलानी शामिल रहे। इसी प्रकार सम्मानित चिकित्सकों में लायन डॉ आर के खेत्रपाल,लायन डॉ अरुण शुक्ला, लायन डॉ प्रदीप शुक्ला का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ला सुभाष अग्रवाल, ला. नंदलाल पूरी, ला. श्रीकांत सहारे, ला. रमेश अग्रवाल ने किया।

## आयोजित हुआ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था 3233-C लायंस क्लब स्माइल सेवा द्वारा डॉक्टर्स डे सम्मान समारोह एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम किया गया। डॉक्टर्स डे के अवसर पर द्वारा सिम्स में चिकित्सकों के सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा लायन रीता राजगीर, सचिव लायन दीप्ति साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. ज्योति नामदेव, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉ सुरभि राजगीर एवं सहसचिव लायन ज्योति सिंगरोल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डीन डॉ रमणेश मूर्ति, डॉ लखन सिंह, डॉ आरती पांडे, डॉ शिक्षा जांगड़े, डॉ रश्मि गुप्ता एवं डॉ चंद्रहास ध्रुव को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम

## 'छात्रों की गूंज' अभियान का पोस्टर लॉन्च

**बिलासपुर।** देशभर में संचालित "छात्रों की गूंज" अभियान के तहत आज संयोजक आकाश शर्मा के निर्देशित में सीएम दुबे महाविद्यालय, बिलासपुर में छात्र-छात्राओं के बीच अभियान का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए उन्हें शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज़ बुलंद करने के लिए इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया गया। अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हाल के वर्षों में नीट, सीबीएसई सहित विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं ने देश के लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। वर्षों की मेहनत के बावजूद छात्रों को निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। ऐसे मामलों ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। इन्हीं मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने और छात्रों की आवाज़ को एक मंच देने के उद्देश्य से "छात्रों की गूंज" अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान से देशभर के लाखों छात्र-छात्राएँ मिस्ड कॉल एवं क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से जुड़ेंगे। विद्यार्थी अपनी समस्याएँ, सुझाव और शिकायतें सीधे अभियान तक पहुँचा सकेंगे।



आयोजन

## शाला प्रवेश उत्सव पर बच्चों को गणवेश व पुस्तक वितरित



**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला गोंडपारा मोपका एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोपका में पार्षद वार्ड 47, मोहन श्रीवास के उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव में अध्यक्षता ए जोशी संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य द्वारा किया गया। पार्षद मोहन श्रीवास ने छात्रों के लिए गणवेश व पुस्तक वितरण को शासन की कल्याणकारी योजना बताते हुए सभी छात्रों को मन लगाकर अध्ययन करने कहा, प्राचार्य जोशी में न्यौता भोज को छात्रों को पोषण देने का उत्कृठ योजना निरूपित किया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा अर्चना कर किया गया, नवप्रवेशी छात्र, छात्रा को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। नव प्रवेशी छात्रों को गणवेश का वितरण एवं पुस्तक वितरित किया गया, विशिष्ट अतिथि डीएल वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी, बुद्धनाथ, भोलाराम साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ।इस अवसर पर प्रधान पाठक सुषमा प्रधान, राधा पांडे, वीणा पांडे, सी के शर्मा, नीलिमा शर्मा, संध्या दुबे, प्रतिमा बोले, चंद्ररेखा शर्मा, रत्ना क्षत्रिय, सरिता साहू, शशिकिरण, सीमा शर्मा एवं शैक्षिक संकुल समन्वयक योगेंद्र वर्मा जी उपस्थित थे।

### चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों के समर्पण करुणा और सेवा-भाव को किया नमन

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर ब्रह्मकुमारी मंजू दीदी ने सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएँ दी और कहा कि निराशा में आशा उत्पन्न करना ही सबसे बड़ी सेवा है, और यही कार्य एक सच्चा चिकित्सक प्रतिदिन करता है।

## निराशा में आशा उत्पन्न करना सबसे बड़ी सेवा



**बिलासपुर।** मंजू दीदी ने कहा कि जब रोगी शारीरिक पीड़ा, मानसिक तनाव और जीवन के कठिन दौर से गुजर रहा होता है, तब चिकित्सक केवल उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपने स्नेह, सकारात्मक शब्दों, आत्मीय व्यवहार और समर्पित सेवा से उसके भीतर जीने का नया उत्साह और विश्वास भी जगाते हैं।



उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवाओं में से एक है। चिकित्सकों की करुणा, धैर्य और निस्वार्थ सेवा असंख्य परिवारों के जीवन में नई खुशियाँ लौटाती है। विशेष रूप से विपरीत परिस्थितियों में उनका त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-भाव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, प्रसन्नता एवं निरंतर सेवा-शक्ति के लिए परमपिता परमात्मा शिव से मंगलकामना करते हुए कहा कि आज का समाज ऐसे संवेदनशील चिकित्सकों की बदौलत ही निराशा से आशा और पीड़ा से राहत का अनुभव कर रहा है।

## रंग, संगीत और थिएटर की बारीकियों से रूबरू हुए प्रतिभागी

**बिलासपुर।** अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित योगेश स्मृति नाट्य समारोह के अंतर्गत कलाकारों एवं थिएटर प्रतिभागियों के लिए विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में अभिनेता एवं रंगकर्मी रघुबीर यादव ने रंगमंच, अभिनय, संगीत और जीवन के विविध आयामों पर अपने अनुभव साझा किए।

रघुबीर यादव ने कहा कि ज़िंदगी जीने का सलीका थिएटर से ही आता है। थिएटर केवल अभिनय नहीं, बल्कि जीवन को समझने और उसे बेहतर ढंग से जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा कि थिएटर एक रूहानी साधना है और इसकी आत्मा को समझना सबसे महत्वपूर्ण है। कलाकार को अभिनय के साथ-साथ संगीत, भाषा, मंच-सज्जा और जीवन के हर अनुभव को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पारसी थिएटर में बिताए छह वर्षों ने उन्हें अभिनय और स्टेज क्राफ्ट की गहरी समझ दी तथा आज भी वे स्वयं को निरंतर सीखने वाला कलाकार मानते हैं। उन्होंने युवाओं से समय का सदुपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि जीवन में कुछ करना है तो केवल सफल होने की नहीं, बल्कि सीखते रहने की सोच विकसित करनी चाहिए। उर्दू भाषा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐसी ज़बान है जो सुनना सिखाती है और यह सीख उन्हें पारसी थिएटर से मिली। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और निखारने की है।



### रोचक प्रसंग ने कलाकारों को खूब गुदगुदाया

फिल्म लगान की शूटिंग का संस्मरण सुनाते हुए रघुबीर यादव ने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्हें तेज फूड पॉइज़निंग हो गई थी। चिकित्सकों को पहले अपेंडिक्स का संदेह हुआ और तत्काल ऑपरेशन की तैयारी कर दी गई। उन्होंने मुस्कुराते हुए बताया कि ऑपरेशन के दौरान पूरी यूनिट बाहर इंतज़ार कर रही थी और कुछ ही देर बाद जब उन्हें होश आया तो डॉक्टर अब भी अपेंडिक्स ढूंढ रहे थे। इस रोचक प्रसंग ने उपस्थित कलाकारों को खूब गुदगुदाया। इसी क्रम में अभिनेता, लेखक, संगीतकार और रंगकर्मी पीयूष मिश्रा ने भी प्रतिभागियों के साथ संवाद किया। उन्होंने अभिनय, लेखन, संगीत, कविता और रंगमंच के पारस्परिक संबंधों पर विस्तार से चर्चा की।

## कलाकारों ने दी कथक, भरत नाट्यम की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र के ऑडिटोरियम में चल रहे चार दिवसीय राष्ट्रीय संगीत एवं नृत्य महोत्सव नाद मंजरी सीजन-3 का सोमवार को रंगारंग समापन हुआ। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित अन्य शहरों से आए कलाकारों ने कथक, भरत नाट्यम की पारंपरिक वेश में प्रस्तुति दी। बाल कलाकारों ने तबला व सितार वादन भी किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर मान्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य व गायन कर समां बांधा। छह वर्षीय आयुषि ने कथक एवं हेमूनगर की बालिकाओं ने भरत नाट्यम की मनोहारी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। नृत्य गुरु अनुराधा श्रीवास्तव बलौदा बाजार के विद्यार्थियों ने सेमी क्लासिकल व कथक की प्रस्तुति दी। संगीत गुरु मोना आनंद व संगीत गुरु लीला व रुद्र वैष्णव के विद्यार्थियों ने संगीत पेश किया।

गुरु स्वप्निल के प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों, दुर्ग, भाटापारा, कला विकास केंद्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कलाकारों की भागीदारी ने नाद मंजरी सीजन-3 को राष्ट्रीय सांस्कृतिक महाकुंभ का स्वरूप प्रदान कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएचआईसीएफ की पूरी टीम एवं आयोजन समिति के पंकज, मयूरी खंडेलवाल, सुरेंद्र वर्मा, जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं दिलीप सराफ का सहयोग रहा। निर्णायक की भूमिका में रिमझिम सोनी व श्रावणी इज्जू रहीं।




### 3 साल से कर रही नृत्य

कथक में पोस्ट ग्रेजुएट एवं संस्कृत में गोल्ड मेडलिस्ट रिमझिम सोनी का पूरा परिवार कला के क्षेत्र से जुड़ें हैं। इसी का प्रभाव रिमझिम पर भी है और वह मात्र तीन साल की उम्र से कथक नृत्य कर रहीं हैं। सितार वादन की शिक्षा अपने पिताजी से ली है। उनकी उत्कृष्ट कथक प्रस्तुति के चलते उन्हें हिमाचल प्रदेश से कथक गुरु का सम्मान मिला है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यदि बच्चों में टैलेंट हो तो उन्हें जरूर आगे बढ़ाएं। उनकी इस प्रतिभा से परिवार, समाज ही नहीं पूरे देश का सम्मान बढ़ता है।

स्पोटर्स न्यूज

## बेसबाल में नेशनल पदक विजेताओं का सीएम ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबाल में शानदार प्रदर्शन और पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने सीएम से मुलाकात की, जिनका सम्मान कर सीएम ने उनका हौसला बढ़ाया। ओडिशा भुवनेश्वर में 31वीं सब जूनियर बेसबाल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इसमें प्रदेश की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल और खिलाड़ियों ने बेसबाल खेल के विकास, खिलाड़ियों के खेल मैदान, प्रशिक्षण सुविधा व अन्य आवश्यक संसाधनों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। सीएम ने खेल विकास के लिए हर संभव सहयोग और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश बेसबाल संघ की अध्यक्ष डॉ. पलक जायसवाल, संयुक्त सचिव अख्तर खान, अंकित दुबे सहित खिलाड़ी मौजूद थे।



## सब जूनियर और जूनियर नेशनल में खिलाड़ियों ने जीते पदक

सब जूनियर और जूनियर पेंचक सिलाट नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है। प्रदेश पेंचक सिलाट के महासचिव शेख समीर ने बताया कि 14वीं पेंचक सिलाट सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 28 जून तक नासिक महाराष्ट्र में किया गया था। इसमें देश के 32 राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश के 1400 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 74 खिलाड़ी भी शामिल थे। प्रदेश के खिलाड़ियों का नेशनल में चयन करने के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया गया था, जिसमें उन्हें खेल की बारिकियों से अवगत कराया गया। नेशनल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदक, 21 रजत पदक, 19 कांस्य पदक के साथ 55 पदक हासिल किया है। नेशनल में शानदार खेल का प्रदर्शन और पदक प्राप्त करने वाले जिले के 7 खिलाड़ियों में से 6 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया, जिसमें अल्फिशा शेख ने स्वर्ण पदक, लाव्या बांगरे, अब्दुल कबीर ने रजत पदक, ललिता अहिरवार, कंचर यादव, रूमाना खान ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रदेश की टीम में कोच मनीष निषाद, सूर्यकांत वर्मा, शेख अरबाज अली, आनंदिता सिंह, निर्णायक अभिषेक देवांगन, इरफान अहमद, नीलिमा साहू शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत



**दगोरी।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरतोरी में शाला प्रवेशोत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इसमें जनपद अध्यक्ष जनपद डॉ रामकुमार कौशिक शामिल हुए एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। राज्य सरकार के शिक्षा अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़कर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आह्वान पर चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत नए विद्यार्थियों का विद्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रामकुमार कौशिक, जनपद अध्यक्ष बिल्हा ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें नियमित अध्ययन कर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डॉ लक्ष्मण यादव पूर्व सभापति, मनहरण नेताम सरपंच प्रतिनिधि, नरेश जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, हेमंत वैष्णव, दुर्गेश कौशिक, इमलेश, जानू यादव सहित बड़ी संख्या में पालकगण, शिक्षक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा को बढ़ावा देने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का संकल्प लिया।

### बाड़ी को घेरने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**तखतपुर।** बाड़ी को घेरने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने धारा 115,2 296, 3, 5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंआ निवासी संतोष वस्त्रकार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 जून की शाम 4 बजे प्रदीप कैवर्त और प्रमोद कैवर्त ने संतोष की पत्नी शिव कुमारी वस्त्रकार से खेत के मेढ़ में लगे हुए घेरा को खिसकाने की बात को लेकर वाद विवाद करने लगा और जब वह बीच में गया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। वहीं प्रदीप कैवर्त ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष वस्त्रकार खेत के किनारे में खूंटा गड़ा रहा था। जब मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296, 3, 5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## निधन

### भगत राम पटेल



**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा तरकीडीह निवासी भगत राम पटेल 72 वर्ष का 30 जून को निधन हो गया। वे बुधवारा पटैल, रोहित पटेल, संतोषी पटेल, प्रमिला पटेल, जोहित पटेल, लखन लाल पटेल के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मौहाभाठा में किया गया।

### गुलाबिया सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** ठाकुरपारा वार्ड 7 निवासी गुलाबिया सिंह ठाकुर 96 वर्ष का 1 जुलाई को निधन हो गया। वे लक्ष्मण सिंह की मां, पुरुषोत्तम सिंह की दादी थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### मलका बानो

**तखतपुर।** वार्ड नंबर 4 निवासी मलका बानो 60 वर्ष का 1 जुलाई को निधन हो गया। वे सब इंस्पेक्टर रियाज खान, मुस्ताक खान, कलाम खान की मां एवं मौलाना खान की बहन थीं। उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे ए खांक किया गया।

### कुशल बंसल

**तखतपुर।** वार्ड 4 मिशन कम्पाउण्ड निवासी कुशल बंसल 98 वर्ष का 1 जुलाई को निधन हो गया। वे सुरेश बंसल की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका मुंगेली में 2 जुलाई को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

### मुक्तिधाम 50 लाख, सामुदायिक भवन के लिए 1 करोड़ की घोषणा

# तोखन व साव ने दी 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बुधवार को मंगला स्थित माता चौरा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया एवं क्षेत्र के विकास को गति देने वाले अनेक कार्यों की सौगात दी।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास को मिशन के रूप में आगे बढ़ा रही है। डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से विकास कार्यों को गति मिली है। अब केवल भूमिपूजन नहीं, बल्कि समयबद्ध तरीके से विकास कार्यों का लोकार्पण भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को नई गति मिली है। सड़क, रेल, पेयजल और शहरी विकास के क्षेत्र में लगातार बड़े कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर को महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। रेलवे के विस्तार, स्टेशनों के उन्नयन और अन्य विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

#### मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध : साव

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पिछले दो वर्षों में बिलासपुर नगर निगम को 437 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। आने वाले समय में शहर और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, ताकि नागरिकों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने मंगला स्थित मुक्तिधाम के लिए 50 लाख तथा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए, मंगला को पृथक जल आवर्धन योजना देने की घोषणा की।

#### एक हजार करोड़ से अधिक के हुए विकास कार्य : शुक्ला

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में अब तक एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए जा चुके हैं। क्षेत्र में सड़क, पेयजल, नाली, सामुदायिक भवन और अन्य आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से मंगला सहित आसपास के क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं बेहतर होगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, कमिश्नर प्रकाश सर्वे, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, प्रणव शर्मा समदरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स का किया सम्मान



**लोरमी।** शासकीय 50 बिस्तर अस्पताल लोरमी में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया गया। इस दौरान डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

ज्ञात हो कि भारत में 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। यह दिन डॉक्टरों के समाज में अमूल्य योगदान, कड़ी मेहनत और उनके स्वास्थ्य समर्पण को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह दिन देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष में मनाया जाता है। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 और निधन 1 जुलाई 1962 को हुआ था। चिकित्सा के क्षेत्र में उनका साधारण योगदान और भारत रत्न से सम्मानित इस महान हस्ती को श्रद्धांजलि देने के लिए भारत सरकार द्वारा पहली बार 1 जुलाई 1991 को इस दिवस की शुरुआत की गई थी। इस अवसर पर 50 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी के बीएमओ डॉ जीएस दाउ, पूर्व बीएमओ डॉ डी लॉज, पूर्व बीएमओ डॉ एम टी मिंज, डॉ रूपेश साहू, डॉ जितेंद्र पैकरा, डॉ आरएस आयाम का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन नर्सिंग ऑफिसर जिला महामंत्री रक्षंदा महोबिया ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र साहू ने कहा कि डॉक्टर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की जान बचा रहे हैं।

## गायत्री परिवार ने किया साहित्य का वितरण



**तखतपुर।** गायत्री परिवार के वैद्य गोपाल सिंह क्षत्री के सौजन्य से निःशुल्क स्वाध्याय हेतु साहित्य का वितरण किया गया। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा व्यक्तियों को स्वाध्याय को लेकर प्रेरित करने साहित्य का वितरण किया जा रहा है। जिससे लोग सनातन संस्कृति के साथ भारत की रीति और परंपराओं को जान सकेंगे तथा स्वाध्याय के माध्यम से उन्हें मानसिक शांति भी मिलेगी। अधिवक्ता अशोक ठाकुर ने कहा कि साहित्य के अध्ययन से व्यक्ति की मानसिक एवं नैतिक क्षमता का विकास होता ही है,साहित्य का अध्ययन करने वाला हमेशा विनयशील रहता है। परिवार द्वारा टेकचंद कारडा, अधिवक्ता अशोक ठाकुर, जनक ताम्रकार, चंद्रेश साहू, जितेंद्र राज, राजेश अग्रवाल सहित अन्य को स्वाध्याय हेतु साहित्य वितरण किया गया।

## भाजपा की बैठक में पं.दीन दयाल के बताए रास्ते पर चलने का आव्हान



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय जनप्रतिनिधि स्तर की बैठक अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि संभाग सह-प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्गदर्शन एकात्म मानव वाद के सिद्धांत पर कार्य करने वाला दल है।

हम अन्य राजनैतिक दलों से भिन्न हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में हमारी जवाबदेही बनती है कि संगठन सिद्धांत मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक सेवा का करने का जनआदेश केंद्र से लेकर राज्य तक भारतीय जनता पार्टी को मिला है, इसे धरातल पर उतारने की जवाबदेही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बनती है तथा उस अनुरूप सेवा की भावना हमारे भाव में प्रकट हों। भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संगठन व शासन के मध्य एक वैचारिक जुड़ाव के साथ ही परिवार भाव के साथ मिलकर जनकल्याण को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने व जिले में चल रहे विकास कार्यो पर अपने विचार रखे व मुंगेली जिले को विकसित जिला समृद्ध कृषक जिला बनाने में हमारी भूमिकाओं पर अपने विचार रखें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने संभाग सह-प्रभारी अभिषेक शुक्ला के समक्ष खुल कर अपने विचार रखें। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, भाजपा प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य गिरीश शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, जनपद अध्यक्ष मुंगेली रामकमल सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष पथरिया चित्ररेखा जांगड़े, जनपद अध्यक्ष लोरमी वर्षा सिंह ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष मुंगेली जयप्रकाश मिश्रा, नगर पालिका लोरमी अध्यक्ष सुजीत वर्मा, हुलसी वैष्णव, नरेश पटेल, रुपाली कश्यप, रजनी सोनवानी, अम्बालिका साहू, उमाशंकर साहू, डॉ. शिवकुमार बंजारा, पवन पांडेय आदि बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पार्टी की योजनाएं पहुंचाएं जन-जन तक



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मां महामाया परिसर रतनपुर में एक दिवसीय डिजिटल कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जन-जन तक पार्टी की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की अपील की। महिला मोर्चा की महामंत्री स्वीटी शर्मा ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी एवं उपस्थित मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया ।

## कबीर साहब के प्राकट्य उत्सव पर शोभायात्रा



**मुंगेली।** जिले में सदगुरु कबीर साहब का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में कबीर पंथी समाज के अनुयायी मुंगेली स्थित कबीर कुटीर पहुंचे, जहां सर्वप्रथम विधि-विधान से निशान पूजा संपन्न हुई। पूजा-अर्चना के बाद सदगुरु कबीर साहब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख चैक-चैराहों से होकर पुनः कबीर कुटीर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने कबीर साहब के जयकारे लगाए और भक्ति गीतों के साथ नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया।

## 22 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करना प्राथमिकता : डीईओ



**गौरेला।** पर्यावरण संरक्षण और मातृ ऋण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ जीपीएम जिले में बुधवार को हुआ। गौरेला स्थित शासकीय मिश्री देवी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से इसकी शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में इस बार सभी स्कूलों को मिलाकर लगभग 22 हज़ार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी बीईओ और प्राचार्यों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि समय पर लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। जिले में आज तीनों ब्लॉक को मिलाकर कुल 11750 पौधे प्राप्त हुए थे। जिसमें तीनों विकासखंड में कुल 7619 पौधे रोपित किए गए हैं और इनमें से 5861 पौधे जिओ टैगिंग किए जा चुके हैं।

**आम सूचना**

मैं सुशील कुमार हजारी अधिवक्ता निवासी चटर्जीगली नया सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि मेरे पक्षकार श्री संतराम सोनी पिता श्री राम कृपाल सोनी निवासी प्लाट नं.-160 फेस 01 राजकिशोर नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्नाशय की आमसूचना प्रकाशित करता हूँ।

यह कि उमेश कुमार पाठक पिता श्री के.जी. पाठक निवासी प्रोफेसर कालोनी रायपुर, श्रीमती उषा शुक्ला पति श्री नारायण शुक्ला निवासी रोहणी पुरम रायपुर, श्रीमती निशा दीवान पति श्री प्रकाश धर दीवान निवासी सुकुल पारा नवागढ के हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमिया क्रमशः मौजा खैरा (ल) प.ह.नं. 28 ख.नं. 43/1 रकबा 0.3560 हेक्टे, ख.नं. 42/8 रकबा 0.2830 हेक्टे, ख.नं. 43/9 रकबा 0.2830 हेक्टे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि मेरे पक्षकार द्वारा प्रदान कर दी है एवं जिसका पंजीयन निकट भविष्य में होना तय है।

यदि कोई व्यक्ति/संस्था, निकाय उक्त भूमियों के क्रय-विक्रय के संबंध में हक दावा रखता हो या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मय सबूत दस्तावेज के मेरे समक्ष कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। अस्तु सूचना जाने।
दिनांक-01.07.2026

भवदीय
सुशील कुमार हजारी
अधिवक्ता
मो.नं-9300210707

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक /Q/ ना. तह. / वा0 / 2026
बिलासपुर, दिनांक 01/07/2026
रा.प्र.क्र......../ब-121/2026
ग्राम-जरहाभाठा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जरहाभाठा प.ह.न. 38 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक फैज अहमद पिता सैफुद्दीन निवासी ग्राम जरहाभाठा के द्वारा शिशु स्वयं (फैज अहमद) के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/07/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र. /..../2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरु प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स पूजा कंस्ट्रक्शंस भागीदार रविप्रसाद साहू पिता स्व. रामानुज साहू निवासी आनंद नगर अमेरी द्वारा लेख किया है कि मौजा घुरू, प.ह.नं. 61 रा.नि.म. व तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 5/2, 5/3, 15/1, 15/2, 12/1, 7/1, 7/2 में आपसी सहमती से पूर्व में निस्तारी रास्ता छोड़ा गया है, जो कि कैफियत कॉलम पर दर्ज है। वर्तमान में ख.नं. 88/5 रकबा 0.1860 हे. मेसर्स पूजा कंस्ट्रक्शंस भागीदार रवि प्रसाद साहू पिता स्व. रामानुज साहू के नाम से दर्ज है, उक्त ख.नं. 88/5 में से 107.5X30= 3225 एवं 121X30= 3630 इस प्रकार कुल रकबा 6855 वर्गफुट भूमि मे पिछले कुछ वर्षो से निस्तारी रास्ता बनाया गया है, जिसे आम निस्तारी रास्ता के लिए कैफियत 12 नंबर कॉलम में दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/7/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 30/6/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया/ सीपत तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन बाबत् सूचना**
क्र/ /रा.नि./खम्हरिया/सीपत/20 दिनांक
प्रति,
1. गौरी थवाईत पति नरेन्द्र नाथ 2. आनंद की भूमि 3. शिवकुमारी वगै. 4. साहेब लाल 5. चंद्रशेखर....आवेदक के बताए अनुसार

**विषय: सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत् ।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक /आवेदिका गौरी थवाईत पति नरेन्द्र नाथ जाति....... निवासी बिलासपुर तह. सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम सीपत प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. खम्हरिया/सीपत तहसील सीपत स्थित भूमि ख.नं. 231, 233 रकबा 0.1900, 0.0530 हे./एकड़ का आवेदनानुसार आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु माननीय तहसीलदार/ना. तहसीलदार महोदय के ज्ञापन क्र.../तह./ना.तह./वाचक/202/सीपत दिनांक 05.05.26 के अनुसार ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 06.07.26 को समय 11-02 बजे किया जाना है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ समय पर स्थल रहना सुनिश्चित करें। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
**टीप:** अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि. खम्हरिया/ सीपत तहसील सीपत

**-:: न्यायाालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.) ::-**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. / अ-6/2025-26
पक्षकार :-अब्दुल सुबूर खान पिता अब्दुल हामिद .........आवेदक
बनाम
छ.ग.शासन .........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती सुतापा डे पति स्व. सुजय डे निवासी 11 गुलू उसतागर लेन सोवा बाजार मेट्रो स्टेशन वेदान स्ट्रीन कलकत्ता वेस्ट बंगाल व्दारा आम मुख्तियार अब्दुल सुबूर खान पिता अब्दुल हामिद निवासी मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जूनीलाईन शीट नं.47 प्लाट नं. 73/11 रकबा 18697 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में संजय डे, सत्येन्द्र डे. सुतापा डे, सौमिक डे के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के सहधारक संजय डे पिता सत्येन्द्र नाथ डे की मृत्यु अविवाहित नि:संतान दिनांक 04.09.2019 को हो गयी है। आवेदिका उनका नाम आवेदित भूमि से विलोपित कराने एवं शेष सहधारकों का नाम यथावत रखते हुए नामांतरण करने के लिए छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 17/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 30/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया/ सीपत तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन बाबत् सूचना**
क्र/ /रा.नि./खम्हरिया/सीपत/20 दिनांक
प्रति,
1. उमा थवाईत पति ज्योति शंकर 2. साहेब लाल की भूमि 3. चंद्रशेखर की भूमि 4. शेखर की भूमि....आवेदक के बताए अनुसार

**विषय: सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत् ।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक /आवेदिका उमा थवाईत पति ज्योति शंकर जाति....... निवासी बिलासपुर तह. सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम सीपत प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. खम्हरिया/सीपत तहसील सीपत स्थित भूमि ख.नं. 257/2 रकबा 0.1170 हे./एकड़ का आवेदनानुसार आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु माननीय तहसीलदार/ना. तहसीलदार महोदय के ज्ञापन क्र.../तह./ना. तह./वाचक/202/सीपत दिनांक 05.05.26 के अनुसार ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 06.07.26 को समय 11-02 बजे किया जाना है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ समय पर स्थल रहना सुनिश्चित करें। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
**टीप:** अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि. खम्हरिया/ सीपत तहसील सीपत

**फार्म 37**
**[नियम 61 (3 देखें)]**
मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय **बिलासपुर**
रेफरी संख्या **477/R20/26** दिनांक **04/06/2026**
श्री/श्रीमती/कुमारी **सुख सागर** (रजिस्टर्ड. मालिक) है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एंड फाईनेंस कं.लि.** (Financio) है/ने सूचित किया है कि उसन/उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10ए.क्यू.0784** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद/पट्टे/ उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और:
1. आपने उसे/उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

Registering Authority
R.T.O. Bilaspur (C.G.)
पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर

तारीख..................
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
सेवा,
फाइनेंसर चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एंड फाईनेंस कं.लि., दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)
वाहन स्वामीः- मकान नं 183/1, लोको कालोनी, गली नम्बर 1 तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**
शक्ति सिंह ठाकुर.... वादी
विरुद्ध
श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी वगैरह......
प्रतिवादीगण
व्य.वाद.क्र.-152अ/2026
प्रोसेस क्र. 380
पेशी ता. 22/07/2026
बनाम:-आम जनता जो संबंधित हो।

वादी की ओर से एक व्यवहार वाद माननीय न्यायालय में पक्षकार शक्ति सिंह ठाकुर विरूद्ध श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी व अन्य व्य.वा.क्र. 152/2026 पेश किया गया है। उपरोक्त आम जनता/ सर्वसाधारण को इस समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक 22/07/2026 को इस न्यायालय में 11.00 बजे दिन को स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 22/07/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो उसके अगले दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 27/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक- 27/06/26

न्यायालय
(कोनिका यादव)
न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**फार्म 37**
**[नियम 61 (3 देखें)]**
मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)
पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय **बिलासपुर**
रेफरी संख्या **513/R20/26** दिनांक **15/06/2026**
श्री/श्रीमती/कुमारी **कृष्णा रोड कैरियर** (रजिस्टर्ड. मालिक) है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **इण्डसइंड बैंक लिमिटेड** (Financio) है/ने सूचित किया है कि उसन/उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बीपी 5016** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद/पट्टे/ उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और:
1. आपने उसे/उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।
2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

Registering Authority
R.T.O. Bilaspur (C.G.)
पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर

तारीख..................
जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।
सेवा,
फाइनेंसर इण्डसइंड बैंक लिमिटेड, ए 3 काम्प्लेक्स प्रथम तल व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.)
वाहन स्वामीः- फर्स्ट ओडी4 सुपर मार्केट, लिंग रोड, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र. / अ-6/2025-26,
ग्राम सकरी तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी प.ह.नं. 45 तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय माखिजा पिता श्री राजेश माखीजा उम्र 23 वर्ष, जाति सिंधी, निवासी टेउराम कॉलोनी संतकंवर वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 744/13 रकबा 1308 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने अनावेदक श्रीमती शांति बाई वस्त्रकार से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.02.2025 को तय विक्रय मूल्य अदा कर क्रय किया गया है। यह कि आवेदक द्वारा क्रयशुदा भूमि की पूर्व भूमि के स्वामी अनावेदिका शांति बाई के पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22.02.1985 एवं व्यवहार न्यायालय श्रीमान तृतीय व्य.न्याया. वर्ग 9 बिलासपुर द्वारा पारित निर्णय एवं डिग्री 30.09.1998 में अनावेदिका शांति बाई को भूमि का स्वामी अधिपत्यधारी माना गया है जो समस्त राजस्व अभिलेखों में इसके नाम पर दर्ज चली आ रही है। उक्त अनावेदिका नं 01 के नाम स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि को आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 14.02.2025 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त अनावेदिका शांति बाई द्वारा निष्पादित विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक क्रय क्रयशुदा भूमि में अपना नाम दर्ज कर स्वामित्व का अंतरण कराना चाह रहा है। अतः उक्त भूमि का आवेदक विनय माखिजा पिता श्री राजेश माखीजा के नाम पर क्रयशुदा भूमि का नामांतरण कर राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 वास्ते आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/07/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 01/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सैन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### समग्र शिक्षक फेडरेशन ने नवपदस्थ संयुक्त संचालक से की भेंट



**बिलासपुर।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, जिला इकाई बिलासपुर के प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी कुर्रे, प्रदेश सलाहकार रंजीत बनर्जी, वीरेंद्र यादव तथा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में नवपदस्थ संयुक्त संचालक (जेडी) अश्विनी भारद्वाज से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर जिला सचिव रविंद्र खुटे, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विकास कायरवार, जिला मीडिया प्रभारी अवधेश विमल, जिला विधि सलाहकार विवेक तिवारी, बिल्हा के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुजूर, इन्द्रमाण मरावी, देवेंद्र साहू, रितेश दीक्षित, जसमंत जायसवाल, आशुतोष सिंह, रविन्द्र बागड़े एवं अनिमेष दीक्षित आदि मौजूद थे। आभार प्रदर्शन सुनील कुमार पाण्डेय ने व्यक्त किया।

### पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक परिडा को भावभीनी विदाई



**बिलासपुर।** पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 35 वर्षों की सुदीर्घ, समर्पित एवं निष्कलंक सेवाओं के पश्चात वरिष्ठ प्रबंधक मनोरंजन परिडा के सेवानिवृत्त होने पर बैंक परिवार द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन, बिलासपुर मंडल की ओर से चेयरमैन ललित अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा, सचिव रूप रतन सिंह, सत्यव्रत पंडा सहित समस्त सदस्यों ने श्री परिडा को भावभीनी विदाई दी। सचिव गजानन राठौड़ सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मनोरंजन परिडा की दीर्घकालीन सेवाओं की सराहना की।

### एसबीआई मंगला शाखा ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक की मंगला शाखा द्वारा बैंक के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को सीआईएमएफआर के 27 एकड़ स्थित रिसर्च सेंटर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 30 पौधे लगाए गए।



कार्यक्रम में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक शेखर प्रेम मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. गोपाल सिंह एवं डॉ. हर्ष कुमार वर्मा उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक अंकित झा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट ग्राहक सेवा का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में कुंवर अमरेश सिंह, रितिका जॉन, सुमन तथा राजेश सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की।

### अमीगोस राउंड टेबल 300 ने सीए डॉक्टर्स का किया सम्मान



**बिलासपुर।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे एवं नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर अमीगोस राउंड टेबल 300 द्वारा शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था ने समाज के प्रति इन दोनों पेशों के अमूल्य योगदान के लिए उनका अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। राउंड टेबल के चेयरपर्सन सिद्धार्थ बुधिया ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में संस्था के सेक्रेटरी सतमीत सिंह सहित गगनदीप टिब, मंसूर वनक, हेमंत जीवनानी, अविनाश आहुजा, सनी छाबड़ा, सिमरनजीत एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### दयानन्द पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोंड़पारा में शाला प्रवेश



**बिलासपुर।** आर्य समाज बिलासपुर द्वारा संचालित दयानन्द पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोंड़पारा में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह जनक वातावरण में मनाया गया। प्रधान पाठिका ममता दुबे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार शाला प्रवेश उत्सव उत्साह जनक वातावरण में शिक्षिकाओं ने छात्र, छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्हें पढ़लिखकर एक अच्छा नागरिक बनने एवं समाज की सेवा करने कहा गया।

### गुरू मंत्रा एजुकेशन में निशुल्क प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** गुरू मंत्रा एजुकेशन सोसायटी द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कम्प्यूटर, इलेक्ट्रीकल एवं नर्सिंग के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं दसवीं पास विद्यार्थी होना चाहिए। कोर्स की अवधि 6 माह एवं प्रतिदिन 4 घंटे की है। यह संस्था साइंस कालेज के पास मौसाजी के पास वाले काम्पलेक्स के तृतीय फ्लोर सरकंडा में है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।

---

**कांग्रेस की प्रेसवार्ता** — अस्पताल के भविष्य पर सरकार जनता को जवाब दे

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निजीकरण का विरोध करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 240 बेड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एवं 100 बेड कैंसर केयर अस्पताल केवल एक स्वास्थ्य परियोजना नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य अधिकार और सरकार की जवाबदेही से जुड़ा सबसे बड़ा सवाल बन चुका है। इस अस्पताल को किसी निजी संस्था को देने नहीं देंगे और इसके निजीकरण का कांग्रेस द्वारा विरोध किया जाएगा। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को पीपीपी मॉडल के तहत निजी संस्था को दिए जाने के मुद्दे को लेकर बुधवार को कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित वर्तमान जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री व शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जमीन राज्य सरकार की है निर्माण में लगा पैसा जनता की मेहनत और टैक्स का है। मशीनें और संसाधन सरकारी हैं। यानी यह अस्पताल पूरी तरह जनता के संसाधनों से तैयार हुआ है। इसलिए आज बिलासपुर की जनता का सीधा सवाल है कि जब अस्पताल बनाने से लेकर संसाधन उपलब्ध कराने तक सरकार ने सब कुछ किया, तो अब इसके संचालन के लिए पीपीपी मॉडल के तहत निजी भागीदारी की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। इन कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार बताए कि पीपीपी मॉडल आने के बाद आम मरीज को ऐसा कौन-सा अतिरिक्त लाभ मिलेगा, जो सरकारी व्यवस्था में नहीं मिल सकता था और सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए मुफ्त एवं सुलभ इलाज की गारंटी क्या होगी।




### पूरी क्षमता से शुरू किया जाए अस्पताल

इसी तरह कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि 200 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अस्पताल को तत्काल पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। सभी आवश्यक डॉक्टर, नर्सिंग, पैरामेडिकल और तकनीकी पदों को स्वीकृति देकर तत्काल भर्ती की जाए। आईसीयू, कैथलैब, ऑक्सीजन प्लांट, इमरजेंसी और पूर्ण सुविधायुक्त एंबुलेंस व्यवस्था शुरू की जाए। पीपीपी मॉडल लागू करने से पहले गरीब और आम मरीजों के इलाज के अधिकार की लिखित गारंटी दी जाए। पीपीपी मॉडल से संबंधित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज और शर्तें जनता के सामने रखी जाएं।

### पीपीपी मॉडल के दस्तावेजों से उठे सवाल

पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि अस्पताल के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, तकनीकी कर्मचारी की आवश्यकता होती है। 240 बेड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और 100 बेड कैंसर केयर अस्पताल के लिए कितने पद स्वीकृत किए गए हैं। उनका कहना है कि हमारे द्वारा उठाए गए सवाल केवल राजनीतिक आरोप नहीं हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय दस्तावेजों में इस अस्पताल के संचालन के लिए पीपीपी मॉडल की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के दिनांक 10 जून 2026 के पत्र में बिलासपुर स्थित 240 बेड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एवं 100 बेड कैंसर केयर अस्पताल के संचालन के लिए पीपीपी मॉडल के अंतर्गत प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। इसके पश्चात चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के 23 जून 2026 के पत्र में पीपीपी मॉडल की आगे की कार्यवाही एवं निविदा प्रक्रिया से संबंधित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। इन शासकीय दस्तावेजों में पीपीपी मॉडल प्रक्रिया के लिए कंसल्टेंट संस्था केपीएमजी का उल्लेख भी किया गया है। अब सरकार को जनता के सामने स्पष्ट करना होगा कि पीपीपी मॉडल की आवश्यकता क्यों महसूस हुई। केपीएमजी को किस उद्देश्य से कंसल्टेंट नियुक्त किया गया और जनता के पैसे से बने अस्पताल के संचालन में निजी भागीदारी से आम मरीज को क्या अतिरिक्त लाभ मिलेगा तथा गरीब मरीजों के मुफ्त और सुलभ इलाज की गारंटी क्या होगी।

### कांग्रेस के सरकार से सवाल

- पीपीपी मॉडल में अस्पताल का नियंत्रण किसके पास रहेगा और इलाज की दरें कौन तय करेगा।
- गरीब मरीजों के मुफ्त या रियायती इलाज की क्या व्यवस्था होगी।
- आयुष्मान भारत योजना के अलावा सामान्य मरीजों को क्या सुविधा मिलेगी। यदि मरीजों को परेशानी होगी तो जवाबदेही किसकी होगी।
- समझौते की महत्वपूर्ण शर्तें जनता के सामने सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही हैं।

---

केंद्रीय मंत्री, डिप्टी सीएम, विधायक, महापौर हुए शामिल

# नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत, सायकल वितरण भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज यहां सेजेस लाल बहादुर शास्त्री, उमावि परिसर स्थित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों ने बच्चों के साथ न्योता भोज में शामिल होकर भोजन किया एवं छात्राओं का सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल का वितरण भी किया।

उन्होंने नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, संस्कारवान नागरिक बनने और अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा प्रदेश का नाम रोशन करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का उत्सव है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसकी प्राथमिक पाठशाला की स्मृतियां हमेशा





बनी रहती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार विद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। आज स्कूलों में भवन, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में सम्मानपूर्वक आगे बढ़ना है तो कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि विद्यालयों का सामाजिक ऑडिट होना चाहिए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सभी आवश्यक सुविधाएं मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यालय शौचालय विहीन, जर्जर अथवा अवैध कब्जे से प्रभावित नहीं होना चाहिए। विद्यालयों का वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास के अनुकूल होना चाहिए। कार्यक्रम को कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय तक लाना है। आगामी तीन माह में प्रत्येक विद्यालय में कम से कम एक स्मार्ट क्लास स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

# साइंस कालेज मैदान में मीना बाजार का विरोध, छात्रों ने ट्रक रोका





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कालेज मैदान में मीना बाजार लगाए जाने का कालेज के खेल विद्यार्थियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। बुधवार की सुबह 8 ट्रकों का काफिला मीना बाजार का सारा सामान लेकर रायपुर से बिलासपुर साइंस कालेज मैदान पहुंचा, जहां पर मैदान में खेल रहे कालेज के खिलाड़ी छात्रों ने ट्रकों को रोक दिया और सामान उतारने नहीं दिया, जिससे दिनभर ट्रक मैदान के सामने खड़े रहे।

- दिनभर मैदान के सामने खड़े रहे सामान से लोड ट्रक

गवर्नमेंट ई राघवेन्द्र राव साइंस कालेज के मैदान में आज सुबह उस समय हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब मैदान में खेल रहे कालेज के खिलाड़ी विद्यार्थियों ने मीना बाजार का सामान लेकर पहुंचे 8 ट्रकों को रोक लिया और सामान खाली करने नहीं दिया। ये रायपुर साइंस कालेज मैदान से मीना बाजार का सामान लेकर बिलासपुर साइंस कालेज मैदान लेकर आए थे। साइंस कालेज मैदान में मीना बाजार लगाने के लिए प्रशासन एवं साइंस कालेज द्वारा अनुमति दी गई है। इसका विरोध करने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि कालेज प्रशासन द्वारा खेल मैदान को व्यावसायिक आयोजनों, प्रदर्शनी के लिए दिया जाता रहा है।

### छात्रों ने बताई समस्याएं

छात्रों का यह भी कहना है कि खेल का मैदान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एकमात्र स्थान है। इस मैदान पर छात्र प्रतिदिन खेलकूद, एथलेटिक्स और पुलिस, सेना भर्ती की तैयारी के लिए शारीरिक अभ्यास करते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के कारण होने वाले शोर, भीड़ और कचरे से कालेज का शांत शैक्षणिक वातावरण दूषित होता है। व्यावसायिक आयोजनों के कारण टेंट, गाड़ियों की आवाजाही और भारी सामान रखने से खेल की पिच और ट्रैक पूरी तरह खराब हो जाते हैं। कार्यक्रम के बाद मैदान में भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक और कांच के टुकड़े पड़े रहते हैं जिससे खिलाड़ियों को चोट लगने का गंभीर खतरा बना रहता है। इसलिए इस तरह के आयोजनों की अनुमति मैदान में देने पर रोक लगाया जाए।

### जानकारी ली जाएगी

साइंस कालेज मैदान को आयोजनों के लिए निर्धारित शुल्क पर दिया जाता है। कालेज प्रबंधन द्वारा ही इसके लिए अनुमति प्रदान की जाती है। मीना बाजार प्रदर्शनी के लिए अनुमति दी गई है। छात्रों के विरोध के संबंध में जानकारी लेता हूं।

-डॉ. डीके श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य, साइंस कालेज

---

## शहर कांग्रेस में 41 व ग्रामीण की 51 सदस्यीय नई कार्यकारिणी घोषित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलासपुर शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। शहर कांग्रेस में 41 सदस्यीय कार्यकारिणी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस में 51 सदस्यीय कार्यकारिणी बनाई गई है। इस नई कार्यकारिणी में युवा, वरिष्ठ एवं जातिगत सभी वर्गों का संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है।

- संगठन में सभी वर्गों का संतुलन बनाने का प्रयास

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के बाद प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने बुधवार को बिलासपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री को स्वीकृति पत्र जारी किया है। शहर कांग्रेस 41 सदस्यीय कार्यकारिणी में एक कोषाध्यक्ष व 7 उपाध्यक्ष, 12 महामंत्री, 12 सचिव और 10 कार्यकारी सदस्य बनाए गए हैं। इसमें नगर निगम के सभी 70 वार्डों से कांग्रेसजनों को लेने का प्रयास किया गया है। इसी तरह जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष महेंद्र ने अपनी नई टीम का विस्तार किया गया है, जिसमें बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों को दी गई है। नई कार्यकारिणी में एक कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 20 सचिव तथा 10 कार्यकारी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष से सभी पदाधिकारियों को सूचना देकर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में मदेनजर संगठनात्मक विस्तार से संगठन को मजबूती मिलेगी। संगठन सृजन शिविर के बाद तुरंत कार्यकारिणी का विस्तार कांग्रेस कमेटी का उद्देश्य 2028 में चुनाव जीतना है। कार्यकारिणी में संगठन और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई पुराने एवं नए कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है।

## सिम्स में एमबीबीएस की150 सीटों में होगा एडमिशन, एनएमसी ने जारी किया पत्र

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग यानी एनएमसी ने स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड (यूजीएमईबी) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सिम्स में 150 एमबीबीएस सीटों के एममिशन का लेटर जारी कर दिया है। हाल ही मान्यता को नवीनीकृत करते हुए एनएमसी ने लेटर ऑफ रिन्यूअल जारी कर दिया है।

- सिम्स पहुंचा एनएमसी का लेटर ऑफ रिन्यूअल

सिम्स में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक आधारभूत संरचना, अनुभवी संकाय तथा मरीजों को प्रदान की जा रही इसी का प्रमाण है कि एनएमसी ने नवीनीकरण कर 150 सीटों के लिए यूजी के लिए एडमिशन की राह आसान कर दी है। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि 150 एमबीबीएस सीटों की मान्यता का नवीनीकरण गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सिम्स को मध्य भारत के अग्रणी चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, आधुनिक अधोसंरचना तथा उत्कृष्ट नैदानिक प्रशिक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने कहा कि सिम्स संभाग का सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां 2,500 से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज कराते है। वहीं अस्पताल में900 मरीज के भर्ती की सुविधा है। पिछले 3 सालों में संस्थान में 24 घंटे संचालित ब्लड बैंक, अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर एवं विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों से उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। 150 एमबीबीएस सीटों की मान्यता बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, संस्थान के समस्त चिकित्सा शिक्षकों, रेजिडेंट चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

---

44.10 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 48.79 मिलियन टन कोयला प्रेषण

# पहली तिमाही में एसईसीएल ने किया रिकार्ड उत्पादन : सीएमडी

**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कोयला उत्पादन, प्रेषण तथा ओवरबर्डन रिमूवल तीनों प्रमुख परिचालन मानकों पर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है।

एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने बताया कि पहली तिमाही के दौरान एसईसीएल ने 44.10 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.19 प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि में कंपनी का कुल कोयला प्रेषण 48.79 मिलियन टन रहा, जिसमें 5.29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, ओवरबर्डन रिमूवल (ओबीआर) 99.36 मिलियन घन मीटर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.62 प्रतिशत अधिक है। जून 2026 का महीना भी एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक रहा। इस माह कंपनी ने अब तक का सर्वाधिक मासिक कोयला उत्पादन एवं प्रेषण दर्ज किया। साथ ही, 34.05 मिलियन घन मीटर ओबीआर कर नया रिकॉर्ड बनाया, जो निर्धारित मासिक लक्ष्य से





लगभग 10 प्रतिशत अधिक तथा जून 2025 की तुलना में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ओबीआर में यह रिकॉर्ड प्रदर्शन आने वाले महीनों में उत्पादन की गति को बनाए रखने के लिए मजबूत परिचालन आधार प्रदान करेगा। एसईसीएल ने पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) प्रणाली के माध्यम से 19.58 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19.7 प्रतिशत अधिक है। एफएमसी आधारित साइलो लोडिंग प्रणाली तेज, स्वच्छ एवं धूलरहित कोयला परिवहन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि मानसून को देखते हुए हमारी सभी खदानों में व्यापक तैयारियां पहले ही सुनिश्चित की जा चुकी हैं और हम निर्बाध कोयला आपूर्ति के माध्यम से देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने विद्युत उत्पादन इकाइयों को 37.79 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है। भूमिगत खनन के क्षेत्र में भी एसईसीएल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पहली तिमाही में भूमिगत खदानों से 3.17 मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.35 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले छह वर्षों में पहली तिमाही का सर्वश्रेष्ठ भूमिगत उत्पादन है। एसईसीएल का यह रिकॉर्ड प्रदर्शन कंपनी की परिचालन दक्षता, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

## रमन विवि में थल सैनिक चयन शिविर एवं वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कल से

**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय परिसर में 3 जुलाई से 12 जुलाई तक 10 दिवसीय थल सैनिक चयन शिविर एवं वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।



इस शिविर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों से चयनित एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। शिविर का संचालन 7 सीजी बटालियन बिलासपुर के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट आशीष देवा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। शिविर के दौरान कैडेट्स को भारतीय सेना के मानकों के अनुरूप फायरिंग, मैप रीडिंग, एफसीबीसी, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट तथा सैन्य अनुशासन सहित विभिन्न व्यावहारिक और तकनीकी गतिविधियों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह शिविर केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए भी किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया से छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली कैडेट्स को राष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ने बताया कि शिविर के लिए आवास, भोजन, प्रशिक्षण स्थल, सुरक्षा, चिकित्सा तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन और एनसीसी इकाई मिलकर शिविर को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### रमन विवि को मिली मेजबानी

कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा रमन विश्वविद्यालय को इस महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय एनसीसी शिविर की मेजबानी का अवसर मिलना गौरव की बात है। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाले प्रत्येक कैडेट को उत्कृष्ट प्रशिक्षण, बेहतर सुविधाएं और प्रेरणादायी वातावरण मिले, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ें। कुलसचिव डा. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह शिविर उनके व्यक्तित्व विकास और भविष्य की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

## खबर संक्षेप

### तबली मारकर पत्नी की हत्या, पति को उम्रकैद

**बिलासपुर।** पैसा देने से मना करने पर तबली मारकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को बेटे के बयान पर कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। तखतपुर क्षेत्र के ग्राम धूमा निवासी दिलहरण दास पिता स्व. मानदास मानिकपुरी 42 साल ने खेत बेचकर अपनी पत्नी इंद्राणी बाई मानिकपुरी को पैसा रखाया था। 26 जून 2023 को दिलहरण ने अपनी पत्नी से पैसा मांगा। जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था। शाम 7 बजे दिलहरण खाना खाकर अपने बेटे के साथ कमरे में सो गया। घर का काम करने के बाद उसकी पत्नी बगल में खाट लगाकर बेटी के साथ सो गई। रात 2 बजे दिलहरण उठा और पैसा नहीं देने की बात को लेकर तबली से पत्नी इन्द्राणी बाई के सिर व गले में ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे इन्द्राणी बाई की मौके पर ही मौत हो गई थी। बेटे ने हत्या की पूरी वारदात को देख लिया था। सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया था। 1 जुलाई को प्रथम अपर सत्र न्यायधीश शैलेष कुमार केतारप ने बेटे के बयान पर आरोपी दिलहरण दास मानिकपुरी को धारा 302 में उम्रकैद व 1000 रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर अपर लोक अभियोजक देवेन्द्र राव सोमावार ने पैरवी की है।

### बाइक की टक्कर से पीएसआई घायल

**बिलासपुर।** सड़क पार करते समय बाइक चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीएसआई को टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें चोट आई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कोरबा बांकी मोंगरा अरदा निवासी परमेश्वर सिंह कंवर पिता पवन सिंह पुलिस विभाग रायपुर में पीएसआई के पद पर पदस्थ हैं।29 जून को वे कटघोरा से बस में बैठकर नेहरू चौक आए। बस से उतरकर वे सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 10 एटी, 1361 का चालक लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके पैर व चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पटना-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 4-4 फेरे का विस्तार

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने पटना से चर्लपल्ली के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 4-4 फेरे का विस्तार करने का निर्णय लिया है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए पटना से चर्लपल्ली और चर्लपल्ली से पटना के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन 17 जुलाई तक किया जा रहा था, जिसके 4-4 फेरे बढ़ा दिए गए हैं। परिचालन में विस्तार होने के बाद ट्रेन 03253 पटना से चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन पटना से 20 से 29 जुलाई तक प्रति सोमवार व बुधवार को और 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन 22 व 29 जुलाई तक 2 फेरे प्रति बुधवार को, 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल ट्रेन चर्लपल्ली से 24 से 31 जुलाई तक दो फेरे के लिए प्रति शुक्रवार को चलेगी। ट्रेन में 1 पावरकार, एक एसएलआरडी, दो जनरल कोच, चार स्लीपर कोच, सात एसी थ्री, सात एसी थ्री इकानामी लगाया गया है, जिसका कामर्शियल स्टापेज एसईसीआर के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया स्टेशन पर दिया जाएगा।

**330 घरों का रजिस्ट्रेशन पूरा** | **38 घरों में मीटर लगाए जा चुके, 31 जुलाई तक सप्लाई प्रारंभ करने की तैयारी**

# माह के अंत तक शहर के घरों में पाइप लाइन से पहुंचने लगेगी गैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में इस महीने के आखिर तक अब रसोई गैस की सप्लाई पाइप लाइन के जरिए होने लगेगी। अभी इसकी शुरूआत राजकिशोर नगर के कुछ ही घरों से की जा रही है। अडानी टोटल गैस लिमिटेड के द्वारा राजकिशोर नगर के 330 घरों में इसके लिए रजिस्ट्रेशन किया गया है, वहीं 38 घरों में मीटर भी लगाए जा चुके हैं। इस महीने के आखिर तक इन 38 घरों में पाइप लाइन के जरिए गैस सप्लाई प्रारंभ हो जाएगी। इसके बाद कई चरणों में इसे शहर के विभिन्न हिस्सों तक विस्तारित किया जाएगा।

शहरवासियों को जल्द ही हर महीने एलपीजी के लिए बुकिंग करने, सिलेंडर से चूल्हे को कनेक्ट करने और एक से दो भरे एलपीजी सिलेंडरों को घरों में रखने का रिस्क उठाने के झंझट से आजादी मिल जाएगी। अडानी टोटल गैस लिमिटेड के द्वारा पाइप लाइन के जरिए घरों तक गैस पहुंचाने 52 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इसके अंतर्गत कछार स्थित गैस प्लांट से लेकर शहर तक लाईन बिछाई गई है। शहर के भीतर बिछाई गई पाइप लाइन की बात की जाए तो लगभग तीस किलोमीटर के दायरे में स्टील की मेन पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है।



### मोपका, आरकेनगर व सरकंडा पहले फेस में

कंपनी के द्वारा वैसे तो शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टील की मेन सप्लाई लाईन डाली जा चुकी है, लेकिन कनेक्शन देने के लिए उनका पहला टारगेट मोपका, राजकिशोर नगर व सरकंडा है। इसके बाद दूसरे नंबर पर उसलापुर, मंगला व शुभम विहार क्षेत्र में विस्तार किया जा सकता है। तीसरे फेस में कंपनी कोनी तक लाइन का विस्तार करने पर विचार कर रही है। सबसे आखिर में शहर के बीच व घनी बसाहट वाले क्षेत्रों में लाइन विस्तारित की जाएगी।

### इतनी देनी होगी भुगतान राशि

पीएनजी याने पाइप नैचुरल गैस की सुविधा लेने वाले शहरवासियों को कुल 63 सौ रूपए का भुगतान करना होगा। इसके अंतर्गत तीन सौ रूपए रजिस्ट्रेशन शुल्क, एक हजार रूपए सिक्योरिटी डिपॉजिट एवं पांच हजार रूपए मीटर का शुल्क देय होगा। इस दौरान मीटर शुल्क के रूप में देय पांच हजार रूपए को एकमुश्त न देकर पांच-पांच सौ रूपए की बीस किश्तों में दिया जाना है। कनेक्शन लेने के बाद मीटर के जरिए इस्तेमाल की जाने वाली गैस की गणना होती रहेगी। इस दौरान महीने भर में जितनी गैस इस्तेमाल की जाएगी, उसी के अनुपात में बिल जारी किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि वर्तमान में एलपीजी इस्तेमाल करने के दौरान ग्राहकों को महीने में जितनी राशि खर्च करनी पड़ती है पीएनजी के लिए 25 प्रतिशत कम करनी पड़ेगी।

### पहले क्षेत्र को एलपीजी फ्री जोन बनाना होगा

किसी भी क्षेत्र में पीएनजी लाइन देने के पहले ही उस क्षेत्र को एलपीजी फ्री जोन बनाने की जरूरत पड़ेगी। यह कार्य जिला प्रशासन की मदद से ही संभव हो सकेगा। जिस एरिए में पीएनजी कनेक्शन दिया जाएगा, जहां रहवासियों को तीन महीने का नोटिस देकर उनके एलपीजी गैस कनेक्शन को सरेंडर कराया जाएगा, ताकि उन्हें पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान ग्राहक अगर पीएनजी एवं एलपीजी दोनों ही तरह के कनेक्शन अपने घर पर रखना चाहें तो वे ऐसा नहीं कर सकेंगे, एलपीजी फ्री जोन होने के बाद उन्हें पीएनजी का ही कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।

### तैयारी पूरी कर ली गई है

अडानी टोटल गैस लिमिटेड के द्वारा शहर में पाइप लाइन के जरिए गैस सप्लाई की तैयारी कर ली गई है। शुरूआत संभवतः इसी महीने 38 घरों से हो सकती है।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### सुरक्षित साबित होगी योजना

पीएनजी कनेक्शन देने हमने पहले फेस में सरकंडा, राजकिशोर नगर व मोपका का चयन किया है। इसके अंतर्गत राजकिशोर नगर के 330 घरों में पंजीयन एवं 38 घरों में मीटर भी लगाए जा चुके हैं। पूरी संभावना है कि महीने के अंत तक सप्लाई प्रारंभ कर दी जाए। दूसरे व तीसरे चरण में शहर के अन्य हिस्सों को कवर किया जाएगा। पीएनजी कनेक्शन एलपीजी से न केवल सस्ती, बल्कि सुरक्षित भी साबित होगी।

**-विनोद साहू**, प्रोजेक्ट्स मैनेजर, अडानी टोटल गैस लिमिटेड

**तालापारा संजयनगर में बनाई गई कांक्रीट सड़क**

# 9 साल बाद बनी सड़क चंद घंटे में उखड़ गई, मोहल्लेवासी सुधारते रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

9 साल बाद बनवाई गई तालापारा संजय नगर की कांक्रीट सड़क एक दिन में ही उखड़ गई। इससे लोगों में गुस्सा है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि सड़क पहली ही बारिश की मार नहीं झेल सका। सड़क का सीमेंट बहने के कारण गिट्टी उधड़कर दिखने लगा। यहां के लोगों ने खुद सीमेंट और करनी लेकर उधड़े पलस्तर को सुधारा। नई सीमेंटेड उधड़ी गलियों पर साइकल, बाइक के चक्के और मवेशियों के पैरो के निशान दिखाई देने लगे।इस बारे में निगम से मिली जानकारी के मुताबिक तालापारा क्षेत्र में संजय नगर में मुरली कश्यप के घर से सुलभ शौचालय तक 7 लाख में 400 मीटर सड़क बन रही है।इसके साथ ही इसी वार्ड में जैतखांभ से रविदास मंदिर तक सड़क 8 लाख में बन रही है। सड़क की गुणवत्ता लोगों द्वारा खराब बताई जा रही है। महापौर ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण करने की बात कही है। वार्ड पार्षद श्रीमती संतोषी रामा बघेल ने कहा है कि ठेकेदार को मरम्मत करने कहा गया है।

### सवारी बैठाने को लेकर युवकों ने आटो चालक को पीटा

**बिलासपुर।** महाराणाप्रताप चौक पर आटो चलाने व सवारी बैठाने को लेकर चालक के साथ युवकों ने जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पूर्व में आटो चालक के द्वारा यात्री से मारपीट करने का वीडियों जोरो से वायरल हुआ था। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी विनोद चेलकर आटो चलाता है। 30 जून को दोपहर में शाहिल कुर्रे ने हाथ से इशारा कर बुलाया। पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर क्रास कर उसके पास गया था। शाहिल ने उसे इधर आटो क्यो चलाते हो सवारी बैठाकर जाते हो कहकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर शाहिल कुर्रे, गोला टंडन, चकरा कुर्रे, सुभाष कुर्रे ने गुण्डागर्दी करते हुए उसके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। पुलिस ने विनोद की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व में महाराणाप्रताप चौक पर एक आटो चालक की गुण्डागर्दी का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। आटो में बैठने से मना करने पर चालक ने यात्री के साथ बेरहर्मीपूर्वक मारपीट किया था। महाराणाप्रताप चौक पर शेड के नीचे कतार से सड़क पर आटो खड़े रहते हैं।

**सिरगिट्टी बन्नाक चौक में हुआ हादसा**

### बेलगाम बोलेरो ने बच्ची को मारी टक्कर ड्राइवर की पिटाई, गाड़ी में तोड़फोड़






**बिलासपुर।** बेलगाम बोलेरो के ड्राइवर ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए सड़क पार करी मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोगों ने ड्राइवर की जमकर पिटाई कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी है। भ्रमण पर निकले टीआई ने लोगों से ड्राइवर को छुड़ाकर थाना भेजा और खून से लथपथ बच्ची को अपनी गाड़ी से ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।



बोलेरो चालक

1 जुलाई 2026 को शाम 6.30 बजे सिरगिट्टी टीआई वायपी सिंह स्टाफ के साथ टाउन भ्रमण पर निकले थे। बन्नाक चौक के पास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी थी और बोलेरो क्रमांक सीजी 12 आर, 3489 के ड्राइवर जरहाभाठा कुम्हारपारा निवासी मनीष सूर्यवंशी के साथ मारपीट की जा रही थी। गाड़ी रोककर श्री सिंह मौके पर गए और भीड़ को तितर भीतर कर ड्राइवर को लोगों से छुड़ाया। वहीं मौके पर एक साढ़े तीन साल की बच्ची खून से लथपथ कराहते हुए पड़ी थी। श्री सिंह ने तत्काल ड्राइवर को थाने भेजकर सड़क से घायल बच्ची को उठाकर अपने गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए निजी हास्पिटल लेकर गए।

#### सड़क पार करते समय मारी टक्कर

मासूम बच्ची खेलते हुए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बेलगाम बोलेरों ने ड्राइवर ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दिया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है।

**लोरमी के सिद्धी विनायक व मिनीमाता कालेज का मामला**

# एयू ने सामुहिक नकल मामले में कार्रवाई करते हुए दो कालेजों से छीना परीक्षा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी ने सामूहिक नकल के मामले में कार्रवाई करते हुए संबद्ध मुंगेली जिले के लोरमी स्थित दो निजी कालेजों से परीक्षा केन्द्र हटा दिया है। सिद्धी विनायक कालेज व मॉ ममतामई मिनीमाता कालेज में यूनिवर्सिटी के उड़नदस्ता ने सेमेस्टर परीक्षा के दौरान छापामार कार्रवाई करते हुए सामूहिक नकल प्रकरण बनाया था, जिसके बाद यूनिवर्सिटी ने यह कार्रवाई की है।

- यूनिवर्सिटी के उड़नदस्ता ने मारा था छापा

अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत लोरमी के सिद्धी विनायक कालेज के सभी सेमेस्टर परीक्षार्थी लोरमी के ही शासकीय राजीव गांधी कालेज परीक्षा सेंटर में शामिल होंगे। इसी तरह मां ममतामई मिनीमाता कालेज के भी सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षार्थी 2 जुलाई से परीक्षा समाप्ति तक राजीव गांधी कालेज सेंटर से परीक्षा दिलाएंगे। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीएससी



सेकेण्ड सेमेस्टर परीक्षा के दौरान पिछले गुरूवार को लोरमी के दो निजी कालेजों सिध्दी विनायक और ममतामयी मिनीमाता कालेज में सामूहिक नकल पकड़ी गई थी। यूनिवर्सिटी के उड़नदस्ते ने दोनों ही परीक्षा केन्द्रों से सबंधित सामग्री जब्त कर यूनिवर्सिटी में परीक्षा विभाग को सौंप दी थी।

अटल यूनिवर्सिटी के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों में दूसरे, चौथे , छटवें सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रहीं हैं। पिछले सप्ताह बीएससी सेकेण्ड सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान यूनिवर्सिटी की फ्लाईंग स्क्वाड टीम ने लोरमी के निजी परीक्षा केन्द्रों का निरिक्षण किया। जहां संचालित ममतामयी मिनीमाता कालेज और सिध्दी विनायक निजी कॉलेज में उडनदस्ते के डॉ. अजय सिंह एवं अजय यादव की टीम जैसे ही पहुंची वहां अफरा-तफरी मच गई। मिनीमाता कॉलेज के परीक्षा हाल में परीक्षार्थियों को बाकायदा सामूहिक रूप से साथ बैठाकर नकल कराई जा रही थी। केंद्राध्यक्ष और प्राचार्य को बुलाकर इसकी पूरी विधिवत जानकारी दी गई। इसके बाद पूरी नकल सामग्री जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया। इसी तरह सिध्दी विनायक कॉलेज में भी हाल में सबके सब छात्र आराम से नकल करते हुए पर्चे हल कर रहे थे। स्थानीय परीक्षकों की जानकारी में यह सब किया जा रहा था । केन्द्राध्यक्ष के बारे में बताया गया कि वे अवकाश पर हैं। इसी तरह प्रिंसिपल भी अवकाश पर बताए गए। उडनदस्ते ने पहले ही फोन कर अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. तारणीश गौतम को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद सभी दस्तावेज जब्त करते हुए सामूहिक नकल का प्रकरण दर्ज किया गया। यूनिवर्सिटी पहुंचने के बाद दल ने परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर को पूरी जब्त सामग्री सहित रिपोर्ट सौंप दी थी।

# बिजली सुधारने खंभे में चढ़े ठेकेदार का कर्मचारी करंट से झुलसा, मौत





घटना की जानकारी लेते अफसर। इनसेट में मृतक।

**बिलासपुर।** बिजली सुधारने के लिए खंभे में चढ़ा ठेकेदार का कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, उसकी हास्पिटल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। वहीं डॉक्टरों ने भी कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया है।

विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के ग्रामीण क्षेत्र कोटा में ग्राम अमाली निवासी नीलकमल भारद्वाज पिता रामकिशुन भारद्वाज 25 साल ठेकेदार के साथ बिजली सुधार कार्य करने का काम करता था। बिजली बंद की शिकायत मिलने के बाद वह बुधवार की दोपहर गड्डापारा स्थित आईटीआई कॉलेज के पास बिजली सुधार कार्य करने के लिए पहुंचा। नीलकमल बिजली सुधारने के लिए खंभे के ऊपर चढ़कर मरम्मत करने लगा। इस दौरान अचानक बिजली शुरु हो गई, जिसमें करंट की चपेट में आने के कारण वह बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। करंट की चपेट में आने के कारण नीलकमल को उपचार के लिए तत्काल हास्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कोटा पुलिस और वितरण कंपनी के अधिकारी और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस संबध में वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े ने बताया कि मृतक ठेकेदार का कर्मचारी था। करंट की चपेट में आने के कारण उसकी मौत हुई है। विभाग की ओर से मृतक के परिजन को मुआवजा राशि चार लाख रुपए के अलावा अन्य राशि भी प्रदान की जाएगी।

### पुड़िया में गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने पुड़िया में गांजा बेचने वाले को युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस को सूचना मिली ग्राम लिटिया निवासी गया राम ढ़ीमर पिता स्व. विसंभर 32 साल पुड़िया बनाकर गांजा बेच रहा है। पुलिस ने गांव में दबिश देकर उसे पकड़कर अलग अलग पुड़िया में 289 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के उसे गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर में नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### एसी कोच में चोरी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत अभियान चलाकर एसी कोच में यात्रियों का सामान पार करने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 30 जून को रेल मदद शिकायत और जीआरपी से मिले एफआईआर में सूचना मिली कि 18109 टाटा से इतवारी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के एसी कोच बी 2 में सफर करने वाले एक यात्री का बैग चोरी हो गया है। बैग में लैपटॉप, मोबाइल, घड़ी सहित करीब 1 लाख 56 हजार रुपए का सामान है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल संरक्षा आयुक्त के आदेश पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर खोजबीन शुरु कर दी। आरपीएफ की टीम ने रायपुर के महोबा बाजार आमानाका क्षेत्र में एम्बुश वॉच लगाकर दबिश देकर महोबा नगर निवासी विक्की सहनी पिता कैलाश सहनी 22 वर्ष को पकड़कर उसके पास से चोरी का सामान जब्त किया। आरोपी पूर्व में दो अपराधिक मामले और रेल संपत्ति चोरी के प्रकरण में बिलासपुर और रायपुर में जेल की सजा काट चुका है। आरपीएफ ने आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ धारा 305 (सी) के तहत अपराध कायम करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

# नशे के सौदागर की 7.50 लाख की संपत्ति होगी कुर्क, भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे के सौदागर की काली कमाई से खरीदी गई 7.50 लाख की संपत्ति कुर्क करने का प्रस्ताव बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट भेजा गया है। आदेश जारी होते ही संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी।

- नशे के कारोबार के आरोप में परिवार जेल में बंद

30 जनवरी 2026 को सिविल लाइन पुलिस ने मंगला चौक में घेराबंदी कर जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी स्वराज कुर्रे पिता छन्नू कुर्रे 20 साल को पकड़ा। उसकी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 सीए, 8764 की जांच करने पर 1 हजार 990 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के घर से नशे के कारोबार से खरीदे गए 2 ई रिक्शे, पल्सर बाइक, एसी, फ्रीज सहित अन्य 7.50 लाख की संपत्ति जब्त किया है। पुलिस ने उक्त संपत्ति को कुर्की करने प्रस्ताव बनाकर मुंबई साफेमा कोर्ट भेजा है। कोर्ट के आदेश जारी होते ही उक्त संपत्ति को कुर्क कर लिया जाएगा।

### पूरा परिवार जेल में

पुलिस के अनुसार, आरोपी स्वराज कुर्रे का परिवार लंबे समय से जरहाभाठा मिनीबस्ती में बड़े पैमाने पर नशे का कारोबार कर रहे थे। नशे का सामान बेचने के आरोप में आरोपी की मां जुगनी बाई, दूसरी मां गोदावरी बाई, भाई अक्षय कुर्रे, आकास कुर्रे, सुभाष कुर्रे, बहन श्रृष्टि कुर्रे जेल में बंद है। उसकी मां जुगनी बाई, भाई अक्षय कुर्रे को 15 - 15 साल की सजा हो चुकी है।

### प्रस्ताव भेजा गया है

आरोपी स्वराज कुर्रे की नशे के कारोबार से खरीदा गया दो ई रिक्शा, पल्सर बाइक, एसी, फ्रीज सहित 7.50 लाख की संपत्ती जब्त किया गया है। उक्त संपत्ति को कुर्क करने प्रस्ताव बनाकर साफेमा कोर्ट भेजा गया है।

**-किशोर केंवट** सिविल लाइन टीआई

